हिंदी पखवाड़ा एवं स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन

नगर संवाददाता | गंगापुर सिटी

केन्द्रीय विद्यालय गंगापुर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार एवं स्वच्छता जागरूकता के उद्देश्य से सोमवार को हिंदी पखवाड़ा एवं स्वच्छ पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 16 सितंबर तक मनाए जाएगा। हिंदी पखवाड़ा एवं स्वच्छता पखवाड़ा का विद्यालय प्राचार्य रामकुमार ने सुबह की सभा में मां शारदे के चित्रपट के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मीडिया प्रभारी और कार्यक्रम के संचालक व्याख्याता महेशचंद मीना ने बताया कि उद्घाटन समारोह में विद्यालय के विद्यार्थी सतीश, अंशिका, रेखा, कोमल, मेघना के समूह ने छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नए दौर में लिखेंगे मिलकर नई कहानी के गाने की प्रस्तुति दी। पखवाड़े के दौरान श्रुतीलेख, नारा लेखन, निबंध, कविता, प्रश्नोत्तरी, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।